एक नजर में

## भगवानपुर की छोटे से स्कूल टंट्या फलिया देजला की बालिका चयनित



**बिस्टान, निप्र।** राज्य स्तर पर होने वाली ओलंपियाड प्रतियोगिता में विकासखंड भगवानपुरा के टंट्या फलिया प्राथमिक विद्यालय की बालिका हस्या डुडवे, कक्षा 3 का चयन राज्य स्तर पर अंग्रेजी विषय में होकर राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में बालिका, पालक एवं मार्गदर्शी शिक्षक श्रीमती श्वेता गुप्ता को सम्मानित किया गया। बीएसी राकेश वर्मा ने बताया कि जिला स्तर पर आयोजित सम्मान समारोह में भी बालिका को सहायक आयुक्त, जिला परियोजना समन्वयक, जिला एकेडमिक समन्वय एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक भगवानपुर के द्वारा विभिन्न उपहार देकर सम्मानित किया जा चुका है। साथ ही मार्गदर्शी शिक्षकों को स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गया. प्राथमिक विद्यालय टंट्या फलिया देजला से विगत वर्ष भी बालिकाओं का चयन जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में हो चुका है। विकासखंड के विद्यालयों से कुल पांच छात्र-छात्राओं का चयन जिला स्तर पर होकर उन्हें भी सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया. सभी चयनित बच्चों एवं उनके मार्गदर्शी शिक्षकों को विकासखंड स्त्रोत समन्वयक राजेश कानूनगो को एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री मुरलीधर महाजन द्वारा बधाई देकर इस सत्र में और अधिक बच्चों को प्रतियोगिता में सम्मिलित करने के लिए प्रेरित किया।

## एजुकेशन पार्क स्कूल का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम, क्षेत्र में बनाया रिकॉर्ड




**महेश्वर, निप्र।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा घोषित कक्षा 5 वी व 8वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में एजुकेशन पार्क स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र में श्रेष्ठ परिणाम हासिल हासिल किया। विद्यालय का कक्षा 8वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जबकि कक्षा 5वीं का परिणाम लगभग 98 प्रतिशत दर्ज किया गया। कक्षा 8वीं की छात्रा कु दीक्षा जितेन्द्र जोशी ने 97 .83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, वहीं कक्षा 5वीं की छात्रा कु हंसिका नवीन बिले ने 93 .75 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय एवं नगर का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा 5वीं में कुल 89 विद्यार्थियों में से 87 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जबकि कक्षा 8वीं में सभी 80 के 80 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर विद्यालय की उपलब्धि में चार चांद लगा दिए। इस उत्कृष्ट सफलता पर संस्था के चेयरमेन प्रवीण कुमार जैन , डायरेक्टर आशीष जैन एवं प्राचार्य सीमा जैन ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया।

## पत्रकार हितों पर मंथन, राजेश सुल्ताने बने तहसील अध्यक्ष



**कसरावद, निप्र।** भारतीय पत्रकार संघ (B.P.S.) की कसरावद एवं महेश्वर इकाई की एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक बुधवार को स्थानीय विश्राम गृह में आयोजित की गई, जिसमें पत्रकारों के हितों की रक्षा और संगठन की मजबूती को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में पत्रकार जगत की चुनौतियों और सामाजिक सरोकारों पर विचार-विमर्श करने के साथ ही संगठन के कार्यक्षेत्र को विस्तार देते हुए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से सेवकराम चौबे को संभाग प्रभारी, अबरार पठान को संभागीय उपाध्यक्ष , नईम शेख को जिला संरक्षक , अकील खान को जिला उपाध्यक्ष , अजय कुशवाहा को युवा इकाई जिला अध्यक्ष, इसी क्रम में , सुनील गाड़गे को कार्यवाहक जिला अध्यक्ष (मेन विंग), राजेश सुल्ताने को तहसील अध्यक्ष कसरावद एवं देवदत्त एक्कल को तहसील संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। सूरज खेड़े को तहसील अध्यक्ष महेश्वर (युवा इकाई) मनोनीत किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित संगठन के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष व राष्ट्रीय महासचिव रणजीत सिंह ठाकुर एवं युवा इकाई प्रदेश सचिव राजेश पंवार ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए एकजुटता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर नवीन राय, सूर्यप्रताप ठाकुर, संजू सिंह, विनोद लाद , मोहन जोशी, अजीज सूफी, नवीन रायली, आकाश सांवले, किशोर भार्गव सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य पत्रकार साथी उपस्थित रहे, जिन्होंने पत्रकार एकता और संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

## महिला दुग्ध संस्था ने सदस्यों को बांटा लाभांश व बोनस

**खरगोन, निप्र।** महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित बरूड़ द्वारा अपने दुग्ध उत्पादक सदस्यों को वर्ष 2024-25 के शुद्ध लाभ की राशि 8,71,600 का लाभांश एवं बोनस वितरित किया गया। लाभांश वितरण कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष श्रीमती वंदना बाई सुरेश द्वारा सदस्यों को संस्था की सुदृढ़ वित्तीय स्थिति एवं वर्षभर की उपलब्धियों की जानकारी दी गई। इस



अवसर पर दुग्ध सहकारी संघ मर्यादित खरगोन के प्रबंधक श्री डी.पी. त्यागी ने संघ द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, दुग्ध उत्पादकों को मिलने वाले लाभ तथा भविष्य की कार्ययोजनाओं की जानकारी प्रदान की। उन्होंने महिला दुग्ध उत्पादकों की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए संस्था के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में संस्था सचिव श्री अश्विन जोशी द्वारा उपस्थित अतिथियों एवं समस्त दुग्ध उत्पादक सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया। लाभांश एवं बोनस वितरण से महिला दुग्ध उत्पादक सदस्यों में उत्साह का वातावरण रहा और संस्था की पारदर्शी कार्यप्रणाली पर विश्वास और अधिक मजबूत हुआ।

# 'वंदे मातरम' गीत की 150 वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास से मनाई

## देशभक्ति के रंग में रंगा महाविद्यालय परिसर

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने एवं महान साहित्यकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के गौरवशाली अवसर को स्मरणीय बनाने के लिए महाविद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को 'वंदे मातरम' गीत के ऐतिहासिक महत्व तथा स्वतंत्रता संग्राम में इसकी भूमिका से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. आर.के. यादव द्वारा




किया गया। इसके पश्चात छात्राओं ने सामूहिक रूप से सुमधुर 'वंदे मातरम' का गायन किया, जिससे संपूर्ण महाविद्यालय परिसर देशभक्ति के




वातावरण से सराबोर हो गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा 'वंदे मातरम' विषय पर प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई। कार्यक्रम में डॉ. धर्मेंद्र भालसे ने 'वंदे मातरम' गीत के ऐतिहासिक और राष्ट्रीय महत्व पर प्रकाश डाला। सुश्री दिव्या ने गीत के सांस्कृतिक एवं सामाजिक सरोकारों को रेखांकित किया, वहीं डॉ. गोरेलाल डावर ने गीत की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सेवंती डावर द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. ममता गोयल, डॉ. एस.एच. जाफरी, डॉ. बसंती मुझाल्दा सहित छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम ने सभी में राष्ट्रप्रेम, एकता और सांस्कृतिक चेतना का भाव सुदृढ़ किया।

## श्रीराम लल्ला करेंगे नगर भ्रमण

**महेश्वर, निप्र।** दिनांक 27 मार्च 2026 शुक्रवार दोपहर 3 बजे दरबार समाज वाहन रैली से जूना राम मंदिर मंडलेश्वर से भगवान कनक बिहारी जी का पूजन कर बग्घी में विराजित कर वाहन रैली द्वारा भवानी माता मंदिर विग्रह लेकर पहुंचेंगे । माता जी भेंट कर श्रीराम लल्ला पुन: बग्घी में विराजेंगे , भवानी माता प्रांगण से समाजजन बैंड बाजे के साथ नगर भ्रमण पर निकलेंगे , शोभायात्रा शाम 7 बजे श्री रणजीत हनुमान मंदिर पहुंचेगी जहां पर केवट समाज द्वारा प्रभु के पांव पखारे जाएंगे , पांव पखारने के बाद श्रीराम लल्ला अपने अनन्य भक्त श्री रणजीत हनुमान जी से मिलन करेंगे , मिलन पश्चात मांझी कहार समाज भगवान को पालकी में लेकर श्री विजय स्वामी राम मंदिर तक चलेंगे । प्रभु की पालकी की अगवानी मातृ शक्ति और राधाकृष्ण मंदिर



समिति की कीर्तन टीम करेगी । धानमंडी मार्ग से होते हुए श्री विजय स्वामी राम मंदिर पहुंचेगी । मंदिर प्रांगण में मंदिर समिति भगवान का स्वागत कर उन्हें मंचासिन करेगी , मंचासिन पश्चात संगीतमय काकड़ा महाआरती व छप्पन भोग लगाया जाएगा । महाआरती के पश्चात सुमधुर भजन संध्या होगी और महाप्रसादी वितरण होगा । संस्था अध्यक्ष रामदास शर्मा ने बताया कि भगवान श्रीराम जी का नगर भ्रमण का यह 5 वाँ वर्ष है प्रतिवर्ष भगवान पालकी में विराजित होकर समाजजन के माध्यम से नगर भ्रमण करते है लेकिन इस बार भगवान श्रीराम जी के नगर भ्रमण भवानी माता मंदिर प्रांगण से बग्घी में विराजित होकर नगर के मुख्य मार्ग से होकर श्री रणजीत हनुमान चौक पहुंचेंगे, पहुंचने पर समाजजन द्वारा प्रभु श्रीराम जी के पांव पखारे जाएंगे । पांव पखारने के पश्चात भगवन पालकी में विराजेंगे और धानमंडी मार्ग से कीर्तन के साथ श्री विजय स्वामी राम मंदिर पहुंचेंगे । रामदास शर्मा ने समस्त सनातनी बंधु भगिनीयों से भगवान के नगर भ्रमण में सहपरिवार पधारकर धर्म लाभ हेतु पधारने का आग्रह किया ।

## पंचक्रोशी यात्रियों के स्वागत को तैयार कसरावद, 31 मार्च को मंडी प्रांगण में होगा भंडारा


**कसरावद, निप्र।** माँ नर्मदा पंचक्रोशी यात्रा के स्वागत को लेकर नगर में तैयारियां शुरू हो गई हैं। माँ नर्मदा पंचक्रोशी यात्रा स्वागत समिति सदस्यों द्वारा श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होने और परंपरा निभाने का आग्रह किया जा रहा है। समिति के सदस्य नगर में पहुंचकर लोगों से संपर्क कर रहे हैं और अधिक से अधिक सहभागिता की अपील कर रहे हैं। समिति अध्यक्ष अजय मंडलोई ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 31 मार्च 2026, मंगलवार को पंचक्रोशी यात्रा का कसरावद आगमन होगा। यात्रियों के लिए भोजन प्रसादी (भंडारा) की व्यवस्था की जाएगी, जो श्रद्धालुओं के सहयोग से संचालित होती है। इस बार भोजन व्यवस्था पूर्व में प्राप्त सहयोग राशि की बचत से करने



का निर्णय लिया गया है। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह यादव ने बताया कि नगर परिषद द्वारा साफ-सफाई और बिजली की व्यवस्था हर वर्ष की तरह इस बार भी बेहतर ढंग से की जाएगी, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। समिति ने समस्त धर्मप्रेमी नगरवासियों से अपील की है कि वे 31 मार्च को मंडी प्रांगण में उपस्थित होकर सेवा कार्य में भाग लें और नगर की इस धार्मिक परंपरा को मजबूत बनाएं। इस दौरान समिति के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और नगर में जनसंपर्क कर श्रद्धालुओं को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

## शिक्षक पात्रता परीक्षा मामले को लेकर राज्य शिक्षक संघ ने सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की





**बिस्टान, निप्र।** प्रदेश के शिक्षकों में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। इसी चिंता को लेकर प्रदेश भर के शिक्षकों के लिए राज्य शिक्षक संघ मध्य प्रदेश के प्रांत अध्यक्ष जगदीश यादव के नाम से पुनर्विचार याचिका दायर कर दी गई है । राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभुराम मालवीया एवं जिला अध्यक्ष अमित शर्मा ने बताया कि शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर अब किसी भी शिक्षक साथी को व्यक्तिगत न्यायालय में आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर कोई भी शिक्षक साथी चिंतित नहीं हो । राज्य शिक्षक संघ शिक्षकों के हितों को लेकर सदैव साथ खड़ा रहा है। राज्य शिक्षक संघ ने उच्चतम न्यायालय में रिपीटीशन याचिका दायर की है। श्री यादव ने बताया कि प्रदेशभर के शिक्षक चिंतित हो रहे हैं और अलग-अलग संगठनों के माध्यम से याचिकाएं लगा रहे लेकिन अब उन्हें अलग-अलग नाम से याचिका दायर करने की जरूरत नहीं है। श्री यादव ने बताया कि किसी भी स्थिति में शिक्षक पात्रता परीक्षा नहीं होने देंगे वे कानून की लड़ाई लड़ेंगे साथ ही इस मामले में शासन स्तर से भी उनका संवाद बना हुआ है। शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर के राज्य शिक्षक संघ द्वारा प्रदेश भर में विधायकों एवं सांसदों के माध्यम से भी अपनी बात रखी है। इस अवसर पर प्रदेश के पदाधिकारी नरेंद्र त्रिपाठी, नागेंद्र त्रिपाठी, राजेश एलिया ,गजेंद्र बछले,गिरीश द्विवेदी, आनंद त्रिवेदी, अनिल पटेल, शैलेंद्र श्रीवास्तव, सत्येंद्र सिंह, सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## श्रीरामनवमी पर राम धुन में श्रद्धालु हुए मतवाले, कलश चौक से निकली शोभायात्रा

**खरगोन, निप्र।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर दिनभर भक्ति की बयार बही। हर कोई श्रीराम की धुन में मतवाला दिखाई दिया। पहाड़सिंगपुरा कलश चौक स्थित श्रीराम मंदिर शहर से रघुवंशी समाज ने श्रीराम जन्मोत्सव पर विशेष आयोजन किए। सुबह 9 बजे भव्य शोभायात्रा मंदिर परिसर से शुरू हुई। जिसमें ढोल-तांशे, बैंड-बाजे पर भक्ति गीतों से माहौल धर्ममय हो गया। शोभायात्रा कलश चौक से शुरू होकर टवड़ी मोहल्ला, तालाब चौक पहुंची। यहां सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इसके बाद शोभायात्रा दांगी मढ़ी, मोतीपुरा मार्ग होते हुए पुन: कलश चौक स्थित श्रीराम मंदिर पहुंची। यहां प्रभु प्राकट्योत्सव पर



भगवान श्रीराम की महाआरती व प्रसादी के बाद शोभायात्रा का समापन किया गया। शोभायात्रा में श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमानजी की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा का हिंदू संगठनों, समाजजनों, व्यापारियों ने मंच लगाकर स्वागत सत्कार किया। इस दौरान तालाब चौक पर मुस्लिम सद्भावना मंच ने भी शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। सद्भावना मंच संयोजक अजीजुद्दीन शेख ने कहा कि सांपद्रायिक सद्भाव के लिए मंच पिछले तीन दशक से संकल्पित होकर काम कर रहा है। इसी का परिणाम है कि एक दूसरे के त्यौहार पर स्वागत- सत्कार कर अपनत्व का एहसास कराया जाता है।

**यहां भी हुए आयोजन:-** भारतीय जनमानस की अगाध आस्था के प्रतिक मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीरामजी के जन्मोत्सव को लेकर शहर के प्रमुख श्रीराम मंदिर में उत्सवी माहौल रहा। ब्राह्मण पुरी स्थित श्री फकाजी राम मंदिर, झंडा चौक स्थित हजारी राम मंदिर, बीसा नीमा महाजन समाज पंचायती ट्रस्ट, बस स्टैंड स्थित श्रीराम मंदिर, नूतन नगर स्थित श्री दाता हनुमान मंदिर, गडरिया मंदिर, हजारी राम मंदिर, डीआरपी लाईन स्थित राम मंदिर, तिलक पथ स्थित श्रीराम मंदिर सहित अन्य मंदिरों में दोपहर के 12 बजते ही श्रद्धालूओं का दर्शनार्थ सैलाब उमड़ पड़ा।

## शांति शिक्षा निकेतन का शानदार प्रदर्शन, 100% रिजल्ट से रचा इतिहास

**गोगावा, निप्र।** मुख्यालय स्थित शांति शिक्षा निकेतन माध्यमिक विद्यालय ने इस वर्ष कक्षा 5वीं एवं 8वीं के परीक्षा परिणामों में शानदार सफलता हासिल करते हुए 100% रिजल्ट देकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। जिसमे

**कक्षा 8वीं के टॉपर्स:-**सोनिया गांधारे - 93% , वैशाली वर्मा - 91% , आयुषी वर्मा - 90% , कृष्णा वर्मा - 89.5%, कार्तिक कुमरावत- 89.3%, वही:- कक्षा **5वीं के होनहार छात्र-छात्राएं:-** नेहा कुशवाह - 84%, रोशनी कुशवाह - 83%, मनीषा गांधारे



- 82%, सोनाक्षी चौहान - 79%, रविना बडोले - 78%

विद्यालय के प्राचार्य एवम समस्त स्टाफ ने सभी विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। पूरे विद्यालय में खुशी का माहौल है .

## आज होगी माता दुर्गा की पूजा

**महेश्वर, निप्र।** नवरात्रि के दौरान शुक्रवार को नगर के दुर्गा मंदिरों में नवमी उत्साह के साथ बनाई जाएगी इस अवसर पर नगर के प्रमुख दुर्गा मंदिरों में मां दुर्गा की विशेष पूजा आराधना भक्तों द्वारा की जाएगी नगर के प्रमुख भवानी माता मंदिर में मंदिर के पुजारी द्वारा मां भवानी की पूजा आरती की जाएगी वही पाटीदार समाज



द्वारा पाटीदार धर्मशाला में स्थित गायत्री माता तथा बाढ़ दक्कन श्री हनुमान मंदिर में मां दुर्गा की पूजा भक्तों द्वारा की जाएगी। नर्मदा तट पर स्थित अति प्राचीन मंदिर में विराजित माता गायत्री की पूजा और यज्ञ पूर्णाहुति के साथ ही भंडारा प्रसादी का आयोजन होगा। आयोजनकर्ता विवेक जैन द्वारा माता गायत्री की पूजा अर्चना और हवन पूर्णाहुति मैं शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की।

एक नजर में | जहाँ जहाँ चरण पड़े रघुवर : के विषय पर आयोजित व्याख्यान मे बोले आचार्य

# कलयुग में विरोध मानव के अंदर ही हैं : आचार्य कर्पे

नवभारत न्यूज

**मंडलेश्वर, निप्र।** श्री गोंदवलेकर महाराज श्री राम मंदिर मंडलेश्वर मे आयोजित 94 वें श्रीराम नवमी महोत्सव के अंतर्गत आयोजित व्याख्यान में देश के ख्याति प्राप्त लेखक आचार्य दिलीप कर्पे ने 'जहाँ जहाँ चरण पड़े रघुवर के' विषय पर अपनी बात रखी। आचार्य कर्पे ने भगवान श्रीराम द्वारा की गई उन चार यात्राओं के प्रमाण खोजने वाली टीम के साथ किए गए शोध के आकड़ो और ऐतिहासिक तथ्यों के साथ दावा किया की भगवान श्रीराम जिन जिन स्थानो पर गए जहाँ जहाँ रुके उन स्थानों को ढूंढ लिया गया हैं। आचार्य दिलीप कर्पे ने श्रीराम वन गमन पथ पर की गई यात्रा का वृत्तांत लगभग डेढ़ घंटे तक सुनाया। इस यात्रा अनुभव को जिस भाव से सुनाया और जिस भाव से राम भक्तों ने सुना ऐसा एहसास हुआ की उन्होने भी स्वयं वह यात्रा कर ली। आचार्य ने बताया कि देश मे 280 स्थान प्रमाणित किए गए हैं जो प्रभु श्रीराम से जुड़े हैं जहाँ 280 कथाएं भी प्रचलित हैं। अब तक कि खोज मे यह बात भी सामने आई थी कि प्रभु श्रीराम ने पिपरिया के राम घाट से नर्मदा पार कि थी उसके बाद वे



जबलपुर जाबाली ऋषि के आश्रम मे पहुंचे थे जहाँ से वे छत्तीसगढ़ के कोरिया पहुंचे थे। श्रीराम वन गमन पथ एक ऐसा पथ हैं जिसमे अमीर गरीब ऊंच नीच की कोई खाई नहीं हैं राम का चिंतन दुनिया का सबसे अच्छा चिंतन हैं जिसमे निशादराज से लेकर वानर भालूओ और गिलाहरी जैसे छोटे जीवो का महत्व देखने को मिला नारी सम्मान से लेकर मैत्री और भक्ति का अनुपम उदाहरण भी देखा गया। आपने कहा कि आज विरोध व्यक्ति के अंदर हैं सतयुग मे कोई विरोध नहीं था त्रेता युग मे विरोध बाहर था द्वापर मे विरोध घर परिवार मे आ गया जबकि कलयुग मे हर व्यक्ति के अंदर ही विरोध हैं। मन दुर्भावना से भरा हैं व्यक्ति के मन मे नकारात्मक भाव घर कर चुके हैं। इन सब से बचने का एक ही उपाय है प्रभु श्रीराम का नाम इसके जाप से व्यक्ति के जीवन सकारात्मक प्रभाव पड़ता हैं जीवन से नकारात्मकता हट जाती हैं और जीवन सफल हो जाता है।

### आचार्य ने शालीग्राम किया भेंट

मंडलेश्वर के ऐतिहासिक श्रीराम मंदिर मे 94 वाँ श्रीराम जन्मोत्सव चल रहा हैं 19 मार्च से शुरु हुए महोत्सव मे प्रतिदिन धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन चल रहे हैं। आचार्य दिलीप कर्पे का प्रबोधन भी एक महत्वपूर्ण अवसर था। आचार्य का स्वागत गिरीश मोड़क और अंजली मोड़क ने किया, शांतनु मोड़क और नेहा मोड़क द्वारा आचार्य को शाल श्रीफल भेंट किया गया। आचार्य कर्पे द्वारा मंदिर संस्थान को नेपाल से लाए गए एक दुर्लभ शालीग्राम भेंट किए गए। आचार्य का परिचय मनोज मातवणकर ने दिया।